
हीरानागपुर कर हीरा

(नागपुरी एकांकी–नाटक संग्रह)







नाटककार

डॉ. गिरिधारी राम गौंझू 'गिरिराज'

1

हीरानागपुर कर हीरा

नाटककार
डॉ. गिरिधारी राम गौंझू 'गिरिराज'

प्रकाशक
झारखण्ड झरोखा, राँची

2

हीरानागपुर कर हीरा

प्रथम संस्करण : मई 2012

प्रकाशक: झारखण्ड झरोखा,
दुकान न.– डी. जी. 03
न्यू बिल्डिंग, न्यू मार्केट,
रातू रोड, राँची, झारखण्ड
पिन न. 834001
मो. 09973112040, 9471160792

ISBN : 978-93-81720-11-0

अजिल्द : 140.00 रू.
सजिल्द : 200.00 रू.

विषय सूची

भूमिका

साहित कर तीन मुध बिधा आहे– गद, पद आउर नाटक। इहाँ नाटक उपरे बिचार करल जात हे। नाटक बाबत कहल जाहे "अवस्थानुकृतिर्नाट्यम्" कहेक माने जे जइसन आहे उकर उसनेहे नकल करेक के नाटक कहेन। नाटक तो दृश्य काव्य हेके। नाटक सभे साहित कर शोभा हेके– "काव्येषु नाटकं रम्यम्" कहेक मतलब बोलेक कर सिंगार हेके काव्य आउर काव्य कर सिंगार हेके नाटक।

नाटक के रूप आउर रूपक हों कहल जाएल– "रूपं दृश्यतयोच्यते"। नाटक के देखेक तेहें रूप कहेन। "रूपकं तत्समारोपात" माने कोनो रूप कर आरोप करेक चलते हों रूपक कहल जाएल। आचार्य भरत कर नाट्यशास्त्र भारतीय परम्परा कर सउबले पुरना साहित्यशास्त्र ग्रंथ हेके। इकर में नाटक मनक जे विस्तार से यथार्थ विवेचना भेटाएल उकर से सुपट अंदाजा लागेल कि भारतीय परम्परा में दृश्य काव्य सामाजिक आउर काव्य कर नजइर से एके समान महातम राखेल।

नाटक बारे तो कहल जाएल कि ई पाँचवाँ वेद हेके। ऋग्वेद से पाठ, सामवेद से गीत, यजुर्वेद से अभिनय आउर अथर्ववेद से रस लेके नाटक कर निर्माण चाइरो वेद से करल जा हे। से चाँड़े नाटक वेद परिया कर बुझाएल। भरत मुनि तो एतना तक कइह देइ आहैं कि नाटक कर असल आधार भुँइ लोक कर जीवन हेके।

नाटक माने दुइ अदमी कर कोनो कथा किसा उपरे गोठियाएक भइर ना लागे। नाटक तेहें नाटकीय तत्व कर होएक बगरा दरकार आहे। भारतीय परम्परा मोताबिक नाटक कर तीन तत्व आहे– वस्तु, नेता आउर रस। पछमी परम्परा कर अनुसार इकर छव तत्व मानल जाएल– वस्तु, पात्र, संवाद, देश–काल, भाषा शैली आउर उद्देश्य। असल में ई छवो तत्व, उपरे कर तीनों तत्व में समाल आहे। हलहों सुबिस्ता कर मोताबिक नाटक कर मूल तत्व हेके– कथावस्तु, पात्र चाहे चरित्र–चित्रण, संवाद इया कथोपकथन, देश–काल चाहे वातावरण इया परिवेश, रंगमच, अभिनय, भाषा–शैली आउर, उद्देश्य।

नाटक में वस्तु कर मतलब कथावस्तु से आहे। इतिवृत कर मोताबिक इकर तीन भेद होएल– ऐतिहासिक, काल्पनिक और मिश्रित। अधिकारी कर अनुसार कथा–वस्तु दुइ किसिम कर होएल–आधिकारिक आउर प्रासंगिक। अभिनय कर खेयाल से हों इकर दुइ भेद होएल–दृश्य आउर सूच्य संवाद कर मोताबिक कथावस्तु तीन रकम कर होएल–सर्व श्राव्य, नियत श्राव्य आउर अश्राव्य। पछमी नजइर से वस्तु कर छव हिसा होएल– संघर्ष कर स्थिति, आरम्भ, तीब्रता, पराकाष्ठा, अवरोह आउर समाप्ति।

नाटक कर दूसर तत्व हेके नेता। नेता माने लेजेक वाला। जे पात्र, नाटक के फलागम बटे ले जाएल ओहे नेता कहाएल। नेताय कर व्यक्तित्व नाटक के गति देल। नेता चाहे अभिनेता (हीरो) चाइर रकम कर होएँन– धीरोदात्त, धीरललित, धीरप्रशांत आउर धीरोद्धत। अभिनेता में जे मुध नेता होएल ओहे नेता कहाएल। ई नेता पुरुष चाहे नारी केउओ हल होए सकेल। पछमी नजइर में अभिनेता लगिन चरित्र–चित्रण कहल जाएल। पात्र मनक चरित्र मुध रूप से कथोपकथन, स्वगत भाषण, चाहे पात्र मनक क्रिया कलाप से पता चलेल।

तीसरा तत्व हेके रस। साहित कर मुध लक्ष्य हेके आनन्द कर प्राप्ति। एहे आनन्द के भारतीय काव्यशास्त्री मन रस कइह आहैं। रस, रसिक चाहे सहृदय अदमी कर हिया में रहेल। जे नाटक कर क्रिया कलाप से पझरेल। ई हालइत में देखइया साधारणीकरण कर प्रक्रिया से गुजरेल; कहेक माने नाटकीय पात्र कर दुख–सुख सभे देखइया कर होए जाएल। इखे रसदशा कहल जाएल। भरत मुनि रस बारे कइह आहैं– "विभावानुभाव व्यभिचारि संयोगाद्रस निष्पतिः।"

पछमी नाट्यशास्त्री मन उद्देश्य के हों नाटक कर तत्व में गिनेन। मुदा भारतीय काव्यशास्त्री मन इके रसे में मेसाए के देखेन। काले कि बेगर उद्देश्य कर नाटक होइए नी सकेल। उद्देश्य नाटक में प्रत्यक्ष रहे चाहे अप्रत्यक्ष रहबे करेल।

अभिनय तो नाटक कर असल तत्व हेके। इकरे चलते नाटक के दृश्य काव्य कहल जाएल। भरत मुनि कर मोताबिक अभिनय चाइर बरन कर

होएल–आंगिक, वाचिक, सात्विक आउर आहार्य। आंगिक अभिनय में अंग संचालन होएल तो वाचिक अभिनय, आंगिक अभिनय में जान डालेल। मुदा इकर लगिन, स्वरशास्त्र, व्याकरण, आउर छन्द–शास्त्र कर गेयान अभिनेता में एकदम रहेक चाही। सात्विक अभिनय में स्तम्भ, कम्प, रोमांच, मन आएल। आहार्य अभिनय में, केंस कर सिंगराएक, पिधेक–ओढ़ेक उपरे धेयान देल जाएल। पछमी नाट्यशास्त्री मन अभिनय के कथोपकथन में सोमइट के देखेन। कथोपकथन पात्र कर मोताबिक, सहज, सुंदर, बुझाएक निअर शिष्ट भाषा होएक चाही। ई कथोपकथन में ठाँव विशेष कर प्रभाव होएक चाही।

पछमी नाट्यशास्त्री देश–काल चाहे वातावरण इया परिवेश के हों नाटकीय तत्व में गिनेन। जब कि भारतीय नाट्यशास्त्री मन इके कथावस्तु में राखेन। नाटक के पतियाएक ले इकर देश–काल कर निर्वाह एकदम जरूरी आहे। देश–काल निअर, बोली–विचार, रीति–रिवाज, रहन–सहन, मन होएक चाही। खास कइर के पौराणिक, ऐतिहासिक, सामाजिक नाटक मन में देश–काल संबंधी छोटे एकन भूल पूरा नाटक के सत्यानाश कइर देल। नाटको ले प्रकृति आउर संस्कृति कर सही रूप में पालन होएक चाही।

नाटक कर गहरा संबंध रंगमंच से आहे। रंगमंचे में नाटक कर सही इनतिहान होएल। नाटक जहाँ खेलल जाएल ओहे रंगमंच हेके। एहे रंगमंच नाटक के दृश्य काव्य कर रूपे जनता तक पोहँचाएल। अभिनय करेक तेहें नेता के अभिनेता कहल जाएल। अभिनेता आउर अभिनय कला रंगमंच से जुड़ल आहे। से ले कहल जाएल कि कोनो नाटक कर सफलता नाटककार से बगरा अभिनेता कर अभिनय उपरे टिकल रहेल। सफल अभिनेता कोनवे नाटक के अभिनय कइर के देखाए देल।

पछमी नाट्यशास्त्री मन शैली के हों नाटक कर तत्व मानेन। शैली कहेक माने कहेक कर ढंग। पात्र का कहेक खोजतहे,?केकर से कहेक चाहतहे आउर कोन रूपे कहेक खोजतहे इकरे उपर शैली निर्भर करेल।

नागपुरी नाटक कर उद्भव आउर विकास उपरे नजइर कुदाले बुझाएल कि झारखंड में नाटक कर परम्परा अनइत प्राचीन आहे।

"छोटानागपुर की पहाड़ियों में सीताबेंगा की गुफा में द्वितीय या तृतीय शताब्दी ई. पू. की एक नाट्यशाला मिली हैं, जो 'नाट्यशास्त्र' के वर्णन

से मेल खाती है।'' (डॉ. श्रवणकुमार गोस्वामी– नागपुरी शिष्ट साहित्य, पृ. 10) मुदा इकर परम्परा के हामरे कठपुतली नाच आउर छव नाच से मिलाए के देइख सकिल। ई नागपुरी ठाँव कर लोक नाटक हेके। इकर में कोनो कथा कर गीत से आउर ताल से नाच संगे अभिनय होएल। छवनाच में मुखरा धारण करल जाएल। छवनाच में मुध छव मुद्रा होएल– चालन, धावन, उछलन, चक्रन, घोलटन आउर थिरकन। सेहे ले इके छव नाच कहेन। नचइया कर भाव भंगिमा के दर्शक चाइरो दने से देखेन। रंगमंच ले इहाँ अखरा कर उपयोग करल जाएल।

नागपुरी नाटक बहुत कमे प्रकाशित होए पाए हे मुदा लिखल आउर अभिनय तो ढेइरे होते आत हे। मुदा प्रकाशित नाटक में सहनी उपेन्द्रपाल नहन लिखल आउर धनी राम बक्शी कर संपादित करल लीला– ''नारद मोह लीला'' के पहिल ठाँव देल जाएल। इके गीति नाटक कइह सकिल। नागपुरी में रेडियो नाटक लिखेक में विष्णु दत साहु आउर श्रवणकुमार गोस्वामी केर 'तेतर केर छाँहे' सुशील कुमार केर ''चोका बोका कोका'' नामक धारावाहिक नाटक मनक क्रम आएल। इमनक संगे राधाकृष्ण, भुवनेश्वर अनुज, आउर किशोरी सिंह कर नाम रेडियो नाटक लेखन में लेल जाएल।

आदिवासी, नागपुरी, कला संगम स्मारिका, डहर, कचनार, बनफूल शंखनाद, छोटानागपुर संदेश, पझरा स्मारिका पत्र–पत्रिका मन में नाटक छपत हे जेकर से नवाँ हस्ताक्षर मन आवतहैं। इमन मधे–फा. नवरंगी, डॉ. विसेश्वर प्रसाद केशरी, महेश्वर दास गुप्ता, तीन कौड़ी साहु, काली कुमार सुमन, रवीन्द्र नाथ राय, अशोक पागल, अशोक श्रीधर वर्णेकर, गिरिराज, मन आगे आवत हैं।

फा. नवरंगी कर, 'सगुनिया जोलहा' बूढ़ा बुढ़िया आउर भालु' 'संजीवक बरद अउर पिंगलक सिंह' डॉ. केशरी कर 'ठाकुर विश्वनाथ शाही' गिरिराज कर 'अखरा निंदाए गेलक' 'साहेब कर सपना' 'सहिया बाप' 'करम बिहान' 'बनचोर' 'हाजत' आदि प्रकाशित आउर मंचित हो हे। इकर में ठाकुर विश्वनाथ शाही, तथा गिरिराज कर ई संकलित 1 से 7 एकांकी नाटक मन खेलल जा हे। एखन कुछ आउर नाटककार मनक नाटक आ हे जइसन– 1995 में अशोक पागल कर रेडियो नाटक संग्रह ''नवा इंजोर'', 1999 में तीन

कौड़ी साहु कर ''अंधविश्वास'' 2000 में ''रोशनी'' आउर बंधुआ मजदूर, 2003 में गिरिराज कर ''मरड. गोमके'' (श्रुति नाटक), 2003 में शिव अवतार चौधरी कर ''महादान'', 2004 में गिरिराज कर ''महाराजा मदरा मुण्डा'', 2004 में शिव अवतार चौधरी कर ''असुर कन्या'', 2005 में अशोक श्रीधर वर्णेकर कर ''नूतन इंजत'', 2006 में डॉ. वी. पी. केशरी कर रेडियो नाटक– ''रेडियो ले दू ठो नागपुरी नाटक''।

ई संग्रह कर नवाँ संस्करण में मोर कुछ चुनल एकांकी–नाटक मन के राखल जा हे। आसरा आहे ई नाटक अभिनय आउर अपन उद्देश्य के पुरा करेक में सफल होइ।

एतने–टुण्डु'

गिरिधारी राम गौंझू ''गिरिराज''
अध्यक्ष जनजातीय एवं
क्षेत्रीय भाषा विभाग
राँची विश्वविद्यालय, राँची

संस्करण– 2012

ई संग्रह में नाटक कर आउर दूसर विधा मन के जोड़ल जा हे। हीरानागपुर कर हीरा (ऐतिहासिक नाटक) वाह रे भाग्य विधाता (नुक्कड़ नाटक) बाप कर खून (पटकथा), सहिया आयो (रेडियो नाटक) सत अहिंसा कर मंतर (रूपक)। इकर से पढ़इया मन के इमनकर स्वरूप कर सधारण जानकारी होएक पारी।

गि. रा. गौंझू गिरिराज
2–1–2012

मंचीय नाट्य लेखन की अवधारणा

काव्येषु नाटकं रम्यम्। अर्थात वाणी का श्रृंगार है काव्य और काव्य का श्रृंगार है नाटक। नाटक को पंचम वेद कहा गया है और वेद का अर्थ है ज्ञान। अतः नाटक सम्पूर्ण ज्ञान है। इतना ही नहीं नाटक सम्पूर्ण कला संगम है। आदि नाट्याचार्य भरत मुनि के अनुसार नाट्य की वास्तविक आधार भूमि लोक जीवन है। ऐसी अवधारणा एक गंभीर विषय है।

नाट्यालोचकों ने नाटक को पठनीय और मंचीय रूप में विभाजित किया है। वैसे नाटक मंच के लिए ही लिखा जाता है भले ही उसका मंचन न हो पाता हो। आज जब काव्य, कथा, जैसी विधाएँ मंचित हो रही है वहाँ नाटक मंचित न हो सके या असंभव है। प्रायः मंच के लिए कई नाटक उपयुक्त नहीं समझे जाते ऐसा क्यों? इससे यह ध्वनित होता है कि मंच के लिए नाटक लिखे नहीं गए हैं। कोई भी नाटककार मंच के लिए या मंच की सुविधा के लिए नाटक नहीं लिखता। वह जो दृश्य अपने मानस मंच पर देखता है वह लिखता है। अगर किसी नाट्य निर्देशक को नाटककार के मानस मंच की पकड़ नहीं है तो निसंदेह वह उसे मंचित नहीं कर सकेगा। प्रसाद ने बहुत पहले उस विषय पर चर्चा की है कि निर्देशक नाटक के अनुकूल मंच की व्यवस्था करे न कि रंगमंच की सुविधा के लिए नाटक लिखे। आज नाट्य कला में इतने प्रयोग हो रहे हैं कि असंभव से लगने वाले नाट्क भी मंच पर सफलता के डंके पीट रहे हैं। किसी नाटक की असफल प्रस्तुति नाटक की नहीं निर्देशक की मानी जाती है। कुशल निर्देशक एवं दक्ष अभिनेता सामान्य से लगने वाले नाटक की मंचीय प्रस्तुति में जान डाल देते हैं। यदि नाटक मंचीय दृष्टि से सफल नहीं प्रतीत होता है तो निर्देशक उसका चयन ही क्यों करता है। अतः यहाँ निर्देशक की असफलता मानी जाएगी नाटक की नहीं। आज भी नए–नए प्रयोग धर्मी नाटक लिखे तथा मंचित नाटक अशोक पागल का "अमिबा" इसका सुंदर उदाहरण है।

किसी भी मंचीय नाटक का चयन और निर्देशन का पूर्ण दायित्व निर्देशक का होता है। अतः नाटक का कथ्य कैसा है? उसके कथ्य की संभावनाएँ क्या–क्या हो सकती हैं। निर्देशक उसे भी देखता है। नाटककार

नाटक किसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर लिखता है। यह आवश्यक नहीं कि पाठक समीक्षक व निर्देशक उसी उद्देश्य को देखता है। वह उससे परे भी जा सकता है परन्तु वह युक्ति संगत हो। जैसे धर्मवीर भारती का अंधायुग, मोहन राकेश का आषाढ़ का एक दिन, भारन्तेन्दु का अंधेर नगरी आदि।

नाटक का लेखन विषय के चुनाव पर निर्भर करता है कि कथ्य पौराणिक, ऐतिहासिक, काल्पनिक या मिश्रित है। वह इतिहास या यथार्थ को नाटक में रखता भर नहीं है अपितु उसमें युगबोध प्रक्षण रूप में विद्यमान रहता है। और यही नाटक लेखन की कुशलता है। अगर नाटक में युगबोध व जीवनादर्श प्रतिबिम्बित नहीं होता तो वह साहित्य नहीं हो सकता।

नाट्य लेखन के समय नाटककार के समक्ष देश काल व पात्र का संतुलन स्थापित करने की होती है। इसके साथ जिस क्षेत्र या संस्कृति की "वस्तु" हो उसकी प्रकृति एवं संस्कृति का सम्यक ज्ञान एवं प्रस्तुति अनिवार्य हो, अन्यथा वह दूध में नमक सा हो जाएगा। नाटक की वस्तु इतना जानदार हो वह पाठक हो या दर्शक उसे आकर्षित कर सके, उसे बांध सके। वस्तु के नियोजन में अंकों एवं दृश्य का बंधन जितना सशक्त, लघु एवं प्रभावशाली होगा नाटक उतना ही सफल माना जाएगा। कथावस्तु ठोस हो पर लचीला होने की गुंजाइश भी।

नाट्य लेखन में नेता या पात्र व चरित्र का चयन महत्वपूर्ण होता है। सीमित चरित्र में अधिक से अधिक कथा संयोजन की क्षमता रखना इसकी अनिवार्यता है। नाटक में पात्रों की उपस्थिति उनकी गतिविधि या अभिनय ज्यादा बोलता है संवाद की अपेक्षा। नाटक लेखन में इसका ध्यान विशेष तौर पर रखने की आवश्यकता होती है। संवाद ऐसे हों कि पात्रों का चरित्र भी उद्भाषित हो सके। पात्रों की वेशभूषा ही नहीं उनका अभिनय अधिक अभिव्यक्त हो सके चाहे अभिनय आंगिक, वाचिक, सात्विक या आहार्य हो। पात्रानुकूल देश–काल को सामान्यतः प्रकट करने वाली भाषा व संवाद का संम्प्रेषण नाटक को जीवंत बना देता है।

नाटक का मुख्य तत्व है रस। नाटक के लिए रस वैसे ही निष्पादित हो जैसे अंगुर और किसमिस से रस की प्राप्ति होती है। नाटक में जो

साधारणी करण की प्रक्रिया संचारित होती है वह रस का ही व्यापार है। यही रस सामान्यतः सहहृय को ही नहीं सामान्य व्यक्ति को भी प्रभावित करने की क्षमता रखता है। ऐसा तभी संभव है जब नाटक में रस का निरूपण सम्यक रूप से हो पाया हो। नाटक की आत्मा तो रस में ही सन्निहित होती है।

नाट्य रचना के साथ लेखक, निर्देशक और दर्शक तीनों की अदृश्य उपस्थिति रहती है। अतः लेखन के साथ लेखक उतना अवश्य ध्यान रखता है कि निर्देशक इसे किस दृष्टि से प्रस्तुत करेगा और दर्शक इसे किस रूप में ग्रहण करेंगे। यह आवश्यक नहीं की हमेशा नाटककार का दृष्टिकोण ही मंच पर अभिव्यंक्षित होगा। नाटक लेखन की क्षमता जितनी व्यापक होगी उसकी प्रभान्विति भी उतनी बड़ी होगी।

नाटक लिखने के उपरांत उसके कई पाठ होते हैं एक तो स्वयं नाटककार दूसरा पाठक तीसरा निर्देशक, चौथा अभिनेता और पांचवां दर्शक व आलोचक। इतनी दृष्टि से मंचित नाटक गुजरता है। तभी लिखित नाटक की परीक्षा मंचित नाटक के रूप में होती है। एक तरह से लिखे गए नाटक का प्रयोगशाला रंगमंच है जहाँ से नाटक तप कर कुंदन बनता है। यहाँ कहना चाहिए नाटककार का लिखा नाटक कुमारी कन्या (नायिका) होती है और मंचित नाटक सुखद बहू। जिस तरह बहू ससुराल की मर्यादा में आबद्ध होती है वेसे ही मंचीय नाटक रंगमंच से बंधा होता है। कन्या (बहू) की परीक्षा ससुराल में होती है वैसे ही लिखित नाटक रंगमंच में।

लिखित नाटक पाठ में जो प्रभाव डालता है वैसा ही अपितु कुछ ज्यादा ही प्रभाव दृश्य में डालने की क्षमता होनी चाहिए। क्योंकि श्रव्य की अपेक्षा दृश्य में हम साक्षात् घटनाओं एवं मनोभावों को देख पाते हैं। लिखे गए संवाद और अभिनेता द्वारा मंच में उतारे गए संवाद में परिवर्त्तन हो सकता है। यह निर्भर करता है संवाद प्रस्तुति की कला पर। सम्प्रति संवाद अदायगी में नाटकीय तकनीकी इतनी प्रभावशाली भूमिका अदा करती है कि श्वाँस निश्वाँस तक सुनाई पड़ते हैं। ध्वनि और प्रकाश दृश्य को अधिक प्राणवान बना देते हैं। परन्तु इस तकनीकी पक्ष को इतना हावी न हो जाने दें कि नाट्य का मूल गौण हो जाए तकनीकी पक्ष चकाचौंध कर दे।

यूनानी मत में लेखक ही नाटक का निर्देशन व मंचन (अभिनय) करे तो उस कृति की वास्तविकता बनी रह सकती है। परन्तु यह आवश्यक नहीं। नाटक की सफलता इसमें है कि निर्देशक एवं अभिनेता नाटक को कितने प्रभावशाली ढंग से खेल सकते हैं। ऐसा इसलिए कि नाटक की भाषा, रंगभाषा में विस्तार पा सकती है। नाटक के पाठक और दर्शक में अलग–अलग रस का संचार हो सकता है पर इतना नहीं कि रस भंग हो जाए। ऐसा तभी संभव है जब नाटककार कहना कुछ चाहता है और निर्देशक कुछ भिन्न। तब भी नाटककार और निर्देशक की भाषा एक होते हुए भी अर्थ का प्रभाव बदल सकता हैं और बदले भी हैं।

यही कारण है कि रंगमंच के लिए नाटक लिखना सबसे कठिन काम है। क्योंकि नाटक का रचनाकाल और प्रस्तुति काल एक नहीं रहता। नाटक का मंचन कल भी हुआ था आज भी हो रहा है और कल भी होगा। ऐसी स्थिति में लिखित नाटक एक होते हुए भी प्रस्तुत नाटक भिन्न हो जा सकते हैं। वह काल सापेक्ष नहीं रह जाता। नाटक को समयानुकूल रूप में निर्देशित किया जाता रहा है। हर युग की अपनी आवश्यकता होती है और नाटक निर्देशक उसे युगानुकूल बना कर ही प्रस्तुत करता है। इसके लिए आवश्यक है नाटक के लेखन की क्षमता वैसी हो। नाटक लिखने का तात्पर्य ऐसा हो कि वह समस्याओं का समाधान कर सके। नाटक प्राचीनतम श्रेष्ठ क़ला है जिसमें कल्पना और यथार्थ का संतुलन वास्तविक लगे। जैसे कंकाल को तितली का सौंदर्य और पंख मिल जाए।

लेखक

नागपुरी नाट्य साहित्य की तात्त्विक समीक्षा

साहित्य की सर्वाधिक प्रभावशालिनी विधा है नाटक। नाटक समान रूप से अनपढ़ से अनपढ़ एवं पढ़े–लिखे लोगो को आकर्षित करता है। मूलतः नाटक कुछ और नहीं जीवन की अनुकृति है जो किसी उद्देश्य विशेष के लिए अभिनीत की जाती है।

नाटक का उद्भव बचपन से ही हो जाता है। बड़े–बूढ़ों का अनुकरण करना बाल समाज की स्वाभाविक प्रवृत्ति रही है। इसी से बचपन की ऐसी गतिविधि के लिए **नटखट** शब्द का प्रयोग किया जाता है। **नट–खट** शब्द में जो **नट** शब्द है वह नाटक के लिए ही प्रयुक्त शब्द है। बच्चों से बड़ा, कुशल प्रकृत बिना शिक्षण प्रशिक्षण के अभिनेता, अभिनेत्री कौन हो सकता है। वाल्य–काल में बालक माता–पिता का उनके दैनिक गतिविधियों का कितना सुंदर नकल अथवा अभिनय करता है कि बड़े–बूढ़े देख कर दंग रह जाते हैं। वस्तुतः इन बाल क्रीड़ा के नाटक के दर्शक उनके परिवार के सदस्य ही तो होते हैं। घरेलु परिवेश के साथ–साथ सामाजिक परिवेश का भी अनुकरण अथवा अभिनय बाल सुलभ चप्पलता में हर घर में बच्चे करते हैं। नाटक को जीवन की अभिव्यक्ति ही नहीं समीक्षा भी कहें तो अतिशयोक्ति न होगी।

पाणिनि नाट्य की उत्पत्ति नट् धातु से बतलाते हैं। नट् में नृत प्राकृत रुप में अवस्थित है। नट्–नृत दोनो समानार्थी हैं। दोनों में अभिनय व्याप्त है नट् में संवाद की प्रधानता एवं नृत् में भाव नृत्य की प्रधानता होती है। इसी तरह रूपक और नाटक पर्यायवाची होते हुए भी प्रस्तुति की भिन्नता लिए होते है। नाटक में अवस्थाओं की अनुकृति की प्रमुखता होती है तो रूपक में इसके साथ रूप का भी आरोप आवश्यक हो जाता है। दोनों का उेश्य है आनन्द एवं ज्ञान प्राप्ति।

लोक के सुख–दुख से उत्पन्न अवस्था के अभिनय का नाम नाट्य जीवन है। नाटक जीवन और कल्पना सत्य–असत्य से समन्वित विलक्षण रूप धारण कर सर्वसाधारण को स्वनुभूति के लोक में ले जाता है। इसी से कहा जाता है जीवन ऐसा हो कि लगे अभिनय है और अभिनय ऐसा हो कि लगे जीवन है।

भरत मुनि का नाट्यशास्त्र, नाट्यशास्त्र समीक्षा के सिद्धान्तों का आदि ग्रंथ है। नाटक के लिए इन्होंने कहा है कि कृति जब नाटकालंकारों से सुशोभित, सरस, उत्कृष्ट भावों से समन्वित, प्रयोग में रमणीय, सुखात्मक, मृदुल संवाद, आदि हों तो वह नाटक है।

नाट्य दर्पणकार रामचन्द्र गुणचन्द्र के अनुसार नाटक, धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का फल दाता होता है। नाटक का परीक्षण पुस्तक पर नहीं रंगमंच पर होता है। रंगमंच पर अभिनेता अपनी अभिनय कुशलता संगीत ध्वनि एवं प्रकाश व्यवस्था से साहित्य की किसी भी कथात्मक एवं भावात्मक विधा की प्रस्तुति प्रभावशाली ढंग से कर सकता है।

नाटक नृत्य से आरंभ हो कर अपने युग के अनुरूप नवीन रूप धारण करता चलता है। नाटक के स्वरूप परिवर्त्तन से उसकी समीक्षा के सिद्धान्त भी बदल जाते हैं। तब भी नाटक में मानवता का उदात्त रूप एवं समाज का वास्तविक रूप झलक उठता है। भारतेन्दु ने नाटक को नट लोगों का कर्म कहा है। नट जिसका कर्म ही है तमाशा दिखाना। काव्य के सर्वगुण सम्पन्न खेल को नाटक कहा जा सकता है क्योंकि नाटक समस्त कलाओं का संगम है।

ऋग्वेद से पाठ्य सामवेद से गीत, यजुर्वेद से अभिनय और अथर्ववेद से रस ले कर पंचम वेद की अवतारणा की गई जिसे नाटक कहा गया जिसे भावों की कलात्मक अभिव्यक्ति अभिनय के द्वारा किया जाता है। इसी से ईश्वर का धरती पर आने को अवतार कहा गया है। जहाँ विधाता मानवीय रूप में धरती के रंगमंच पर लीला अर्थात् अभिनय करता है। वैसे भी शेक्सपीयर ने संसार को रंगमंच और मानव को अभिनेता (पात्र) बतलाया है।

नाटक रसानुभूति का माध्यम होता है। अभिनेता अपने जीवंत अभिनय से दर्शक की भावनाओं को जागृत करता है। नाट्य समीक्षा में नाटक के जो तत्व हैं वस्तु नेता और रस (भारतीय मत में) एवं वस्तु, वातावरण, चरित्र, संवाद, भाषा–शैली, उदेश्य, अभिनय संगीत एवं रंगमंच (पाश्चात्य दृष्टि से) है। नाटक की समीक्षा करते समय यह देखा जाता है कि अभिनय में आंगिक, वाचिक आहार्य तथा सात्विक में किसकी प्रधानता है। आधिकारिक एवं प्रासंगिक कथावस्तु में जीवन के आदर्शो की प्रस्तुति हुई है या नहीं। असत्य

पर सत्य की विजय का प्रदर्शन सार्थक हो। वैसे ही संवाद के तीनों रूप श्रव्य, अश्रव्य एवं नियत श्रव्य का पालन करने में नाटक कितना सक्षम हुआ है? यह भी देखना है। देश काल और पात्र का असंतुलन पूरे नाटक को प्रभावीन बना दे सकता है। नायक का स्वरूप क्या है? दर्शकों पर वह कितना अमिट प्रभाव छोड़ सका है अभिनय एवं संवाद संप्रेषण का, समीक्षा में इसका उल्लेख नितांत आवश्यक है।

नाटक का सृजन सभ्यता एवं संस्कृति के परिवर्त्तन के साथ–साथ चलता है। प्रयोग धर्मी नाटक सदैव लिखे जाते रहे हैं। वैसे नाटकों की सफलता–विफलता का आकलन उसकी समीक्षा से अधिक मंचन से होता है। पाश्चात्य नाटक का अन्त जहाँ दुखान्त होता है भारतीय नाटक सुखान्त। ये नाटक पौराणिक, ऐतिहासिक, काल्पनिक अथवा मिश्रित भी होते हैं। इनमें ऐतिहासिक पात्रों पर नाटक की प्रस्तुति में विशेष शोध एवं संतुलन की समीचीनता होती है।

नाटकीय समीक्षा इस बात पर विशेष बाल देती है कि नाटक नैतिक मूल्यों की दृष्टि से मानवीय अभिव्यक्ति का श्रेष्ठ साधन बनने के योग्य है या नहीं। इसमें नाटककार पात्रों द्वारा अपनी परख में सफल हो पाया है या नहीं यह भी देखना पड़ता है।

नाटकों की कई विधाएँ विकसित होती रही हैं जैसे– साहित्यिक, रंगमंचीय, प्रहसन, साहसिक, पौराणिक, सामाजिक, एकांकी, भावनाट्य, एकपात्रीय, झाँकी, कल्पनामूलक,(फैण्टेसी) ऐतिहासिक, व्यक्ति प्रधान, समस्यामूलक, व्यंग्य, नाटिका महानाटक (दस अंक से ऊपर) काव्य नाटक, संगीत रूपक, गीति नाट्य, आदि। सम्प्रति नाट्य संसार में फिल्म, दूरदर्शन, आकाशवाणी, एलबम आदि के अतिरिक्त नुक्कड़ नाटक श्रुति नाटक सबसे अधिक प्रचलित हो रहे हैं। जहाँ अभिनय, भाव प्रस्तुति, संवाद, आदि की सहायता से खुले मंच में अपने उद्देश्य की पूर्ति हेतु नाटक करते हैं।

नागपुरी नाट्य संसार में भी कहा गया है कि समस्त साहित्य की शोभा है नाटक। वाणी का श्रृंगार है संगीत और नृत्य संगीत का सौंदर्य है नाटक। नाटक के पूर्व नृत्य का अविर्भाव हुआ। नागपुरी समाज में हर गाँवों का एक या अधिक अखरा होता है। जहाँ हर रात नृत्य संगीत का शमा बंधा

रहता है। यहाँ अखरा ही उन्मुक्त रंगमंच है। नाचना गाना बजाना नाटक का ही अंग है। इसके चारों ओर दर्शक होते है।

झारखंड में भी कठपुतली नृत्य तथा छव नृत्य नाटक के प्रारंभिक बीज रूप रहे हैं। छव नृत्य में मुखौटा अथवा बिना मुखड़ा के भी किसी प्रसिद्वकथा पर नृत्य होता है। छव नृत्य इसकी छः प्रकार के अभिनय की स्थिति को लेकर कहा गया है–चालन धावन, उछलन, कम्पन, चक्रन'व घोलटन। भाव या पात्रानुरूप छाटे या बड़े मुखौटे इसमें पहने जाते हैं। यह दिनोदिन देश–विदेश में लोकप्रिय हो रहा है।

1956 में सहनी उपेन्द्र पाल नहन का गीति नाट्य नारद मोह लीला, नौटकी शैली में पहली बार आया। फा. नवरंगी जी ने सगुनिया जोलहा, भालू और बूढ़ा–बुढ़िया। रेडियो नाटक में तेतर के छाँहे विष्णु दत्त साहु एवं श्रवण कुमार गोस्वामी, ठाकुर विश्वनाथ शाही केशरी जी का, करम का फेर सुशील कुमार लाल का, सेवा और नौकरी डॉ. गोस्वामी, अखरा निंदाए गेलक गिरिराज का, नवाँ इंजोर अशोक पागल का, अंधविश्वास, रोशनी, बंधुवा मजदूर तीन कौड़ी साहू का, मरड. गोमके (जयपाल सिंह) गिरिराज का, महादान तथा असुर कन्या शिव अवतार चौधरी का महाराजा मदरा मुण्डा, हीरानागपुर कर हीरा, आदि गिरिराज का, नूतन इंजत असम से अशोक श्रीधर वर्णेकर का, रेडियो ले दू ठो नागपुरी नाटक केशरी जी का, आदि प्रमुख रूप से जाने जाते हैं।

इनकी समीक्षा भी नाटकीय तत्वों पर एवं स्वतंत्र रूप से हुआ है। नागपुरी नाटकों में भी नागपुरी कथा साहित्य की भाँति वही सब अन्तर वेदना को अभिव्यक्ति मिलती है। जयपाल सिंह मरड. गोमके पर लिखा प्रथम श्रुति नाटक प्रख्यात रंगकर्मी अशोक पागल द्वारा 2001 में राँची एक्स आई एस एस तथा जमशेदपुर के माइकेल जॉन अडिटोरियम में अपार भीड़ में अपार सफलता के साथ मंचित हुआ। इसकी समीक्षा में कहा गया कि इस नाटक में प्रथम बार पंडित नेहरू को खलनायक के रूप में प्रस्तुति हुई है। इसी तरह 1996 में डॉ. केशरी का नाटक ठाकुर विश्वनाथ शाही (1857 के अमर स्वतंत्रता सेनानी के अगुवा) नाटक मंचित हुआ था। नागपुरी में दर्जनों फिल्में

अब तक बन चुकी है। नुक्कड प्रचारात्मक नाटक बारंबार खेला गया है। जन जागृति लाने के लिए नाटक से अच्छी दूसरी विधा इतनी चुम्बकीय, आकर्षक, एवं प्रभावोत्पादक नहीं है। इस क्षेत्र की समीक्षा में जो नाम मुख्य रूप से आए हैं वे हैं– सहनी उपेन्द्र पाल नहन, डॉ. केशरी, प्रमोद कुमार राय, डॉ. राम प्रसाद, राकेश रमण, डॉ. सुधीर कुमार राय, गिरिराज आदि।

नागपुरी नाटकों की समीक्षा का भविष्य सुनहरे दौर से गुजर रहा है। नाटकों तथा फिल्मों–दूरदर्शनों के कलाकारों ने नाटक जगत् एवं उसकी समीक्षा में नित नए मानदण्ड खड़े कर रहे हैं। हाँ मंचित नाटक सीमित हो रहे है। अतः इनकी समीक्षा भी पठनीय नाटकों की भाँति हो रही है।

लेखक

(ऐतिहासिक नाटक)

हीरानागपुर कर हीरा

नजइर– एक

(ग्वालियर किला में जहाँगीर कर दरबार। जहाँगीर, दुइ गो जौहरी, इब्राहिम खाँ आउर कुछ दरबारी बइठल– दरबार चलत हे)

जौहरी एक– जहाँ पनाह! गुस्ताखी माफ होवे तो अरज करों।

जहाँगीर– जे कहेक आहे सेके बेखौफ कहू जनाब जौहरी मो. जलील।

जौहरी एक– जहाँ पनाह। खुखरा राज से जीतल सउब हीरा नकली निसकलक। (आपन ठिन ले हीरा निसकाए के देखाए के) असली हीरा ई रकम चमकेला जहाँपनाह! (दुइयो रकम कर हीरा देखाएल)

जहाँगीर– बारह साल में खुखरा राज कर हीरा में एक कटिक चमक कम नी हो हे? (आपन अँगठी के देखाएल) हामर नजइर में एखनो रउर हीरा ले बगरा खुखरा कर हीरा, बेसी लवकत हे। खुखरा कर हीरा– नकली!

इब्राहिम खाँ– आलम पनाह! हाँथे कंगना तो आरसी का?आउर पढ़ल–लिखल ले फारसी का?खुखरा नरेश दुर्जनशाल, हीरा कर जबरजस पारखी आहैं । उनके इसनेहें हीरा राजा नी कहैं। ऊ एखने हिएँ हीरा के परइख देबैं। ई ग्वालियर किला में कैद हीरा राजा के आएक में कतना देरी लागी? (दरबारी मन फुसू टुरू करैंना)

जहाँगीर– खुखरा नरेश दुर्जनशाल के फौरन हाजिर करल जाए। (इब्राहिमखाँ जाए के बंदी हालत में दुर्जनशाल के लानेल)

इब्राहिम– आलम पनाह! खुखरा नरेश हाजिर हैं।

जहाँगीर– हीरा राजा के जंजीर से आजाद करल जाए। (खोलल जाएल)(तनिक खोलेक तक ठहइर के) खुखरा नरेश! हामरे सुइन ही अपने हीरा राजा कर नाँव से जानल

जाएँना! हीरा के परखेक में अपने माहिर आहैं। हामरे मनक जौहरी कर कहना आहे कि अपने से मिलल सउब हीरा असली ना लागे।

दुर्जनशाल– बादशाह सलामत! अपने से मिलल हीरा नइ! लूटल हीरा कहैं! महाराजा मदरा मुण्डा कर पोस बेटा महाराजा फणि मुकुट राय कर सौगंध जे हामर आदि पुरखा हेकैं– हामर हीरा नकली होए नी सकेल। जरूर इकर में केकरो चाल होइ! हीरानागपुर कर हीरा नकली होए नी सकेल।

जौहरी दुइ– हीरा कर हामरे खानदानी जौहरी हेकी। असली–नकली हीरा के परखेक हामरे ले लेंगा हाथक खेइल हेके। अगर तोएँ ई हीरामन के असली साबित कइर देबे तो हामरे दुइयो तोर धाँगर बइन जाब।

जहाँगीर– (खिसाए के) जौहरी जनाब मो. जलील! अदब से बात करू! खुखरा नरेश हामर बंदी जरूर हेकैं मुदा हीरा कर बादशाह हेकैं। ई मइत भुलू।

जौहरी दुइ– गुनाह माफ करैं जहाँ पनाह! आगे ले हामरे से इसन बेअदबी नी होइ।

जहाँगीर– (दुर्जनशाल दने देइख के) हीरा कर बादशाह! अगर अपने ई हीरा मनके सही–सही परइख देबैं तो अपने कर बाकी सजा सउब माफ कइर देल जाइ। एहे घरी एहे समय से।

दुर्जनशाल– बादशाह सलामत! अगर अपने मोर संगे कैद नौवों बंदी राजाव मन के छोइड़ देक कर बचन देवैं तो मोएँ एखने ई हीरा मन के असली आउर नकली कर साबूत पुराए देमू...।

जहाँगीर– (सोइच के) बहुत खूब! हामके मंजुर आहे। मुदा खेयाल रहे अगर हीरा मनक सही परख नी होएक परालक हले अपने कर कैद कर सजाइ बमुश्कत दोबर होए जाइ।

दुर्जनशाल– आपन आदि पुरखा महाराजा फणि मुकुट राय कर सौगंध– बादशाह सलामत। मोके मंजूर आहे। बादशाह सलामत

एक ठो घाना मंगुवाल जाए।

इब्राहिम खाँ– घाना हाजिर है आलम पनाह! (घना देते)

दुर्जनशाल– (असली आउर नकली हीरा मन उपरे घाना चलाएँन। नकली गुँड़ा होए जाएल आउर असली घाना में गबइच जाएल)– बादशाह सलामत ई रहलक असली आउर नकली हीरा।

दरबारी– कमाल आहे! कमाल आहे! वाह! वाह!

जहाँगीर– ई हाम का देखत ही! जौहरी मो. जलील! रउर हीरा नकली! सउब कर सउब! जेके असली बताएक कर दावा करत रही। खुखरा नरेश अपने कर हीरा तो घाना में गबइज गेलक। आब ई निकली कइसे?

दुर्जनशाल– निकली बादशाह सलामत निकली! पहिले मोर साथ कर नौवों बंदी राजा मन के मुक्त कइर देल जाओक। बचन तो एहे होए रहे।

जहाँगीर– खुखरा नरेश! अपने कर बेखौफ कहेक अदा! आउर इन्सान ले बेपनाह मोहब्बत, आउर, आउर हीरा परखेक कर हुनर कर हाम दाद देत ही। सउब बंदी राजा मन के आजाद कइर देल जाए। आउर उमन मधे एक झन के हामर सामने पेश करल जाए। इब्राहिम खाँ........... ।

इब्राहिम खाँ– (जाए के एगो राजा के ले आनेल) हाजिर हैं आलम पनाह!

दुर्जनशाल– बादशाह सलामत! आइझ मोएँ अपने कर जबर उदार, हृदय देखलों। मोर साथ कर नौ बंदी राजा मनक मुक्ति देइख के मोर हिया में आनंद नी समात हे।

जहाँगीर– खुखरा नरेश! अपने कर दरिया दिली से हाम बेहद खुश होली। आइझ हाम खुखरा नरेश दुर्जनशाल के 'शाह' कर खिताब से नवाजत ही। आउर आपन दरबार में बराबरी कर दर्जा केर एलान करत ही। इनके आसन देल जाए! इब्राहिम! ताम्र पत्र तेयार होए।

इब्राहिम खाँ– खुखरा नरेश, हीरा कर बादशाह, दुर्जनशाल शाह जिंदाबाद!

दरबारी– जिंदाबाद (तीन धँव)

दुर्जनशाल– (इब्राहिम आसन तक लेजेल! आसने ठिन ले बेगर बइठले आपन अँगठी कर हीरी से घाना में गबचल हीरा के बाहरे सटाए के निसकाए के हाथ में ले के इब्राहिम के देते) ई रहलक अपने कर असली हीरा बादशाह सलामत।

जहाँगीर– मरहवा! मरहवा! बहुत खूब! अपने तो चुटकी बजाते लोहा में गबचल हीरा के निसकाए देलैं। आउर हाम फिकराल रही कि ई हीरा निसकी कइसे? हाम ई हीरा मन के हीरानागपुर कर बादशाह! दुर्जनशाल शाह के वापस करत ही।

दुर्जनशाल– बादशाह सलामत! महाराजा मदरा मुण्डा कर सौंगंध जे हीरा हामरेक हाथ से निकइल गेलक उके मोएँ वापस नी ले सकोंना। एहे हामरे कर धरम हेके।

जहाँगीर– सुबहान अल्लाह! सुबहान अल्लाह! बदशाह दुर्जनशाल शाह! फरिश्ताव मनक दिल एतना जबर नी होएला। (जौहरी मन घसकेक लागेन सेके देइख के) होशियार! जौहरी मन के कैद कइर लेल जाए। (दुइ गो सिपाही आगे आएँना)

दुर्जनशाल– बादशाह सलामत! मोर बिनती आहे कि जौहरी मन के छमा कइर देल जाओक। का ले कि कोनो ना कोनो रूप में इमन हामरे मनक मुक्तिदाता होलैं।

जहाँगीर– बहुत खूब! सुबहान अल्लाह! हाम आपन जिनगी में इसन बादशाह ना देखली ना सुनली, जेकर दिल में इंसानियत कर हुकुम चलेला। जे केखों कैदी तक देखेक नी चाहैंना। वाकइ! अपने लाजबाब आहैं। हाम अपने कर कायल होले जात ही। ई बेइंतहाँ खुशी कर मोका में आउर हीरा कर

बादशाह दुर्जनशाल शाह कर खिदमत में शानदार जश्न पेश करल जाए। (नचनी, बजनिया गायनाही मन आए के नाच गीत बाजा पेश करैंना आउर निसइक जाएँना।

जहाँगीर– इब्राहिम खाँ! हीरा कर बादशाह के बाइज्जत खुखरा राज पोहँचाए देल जाए।

बंदी राजा– बादशाह सलामत! हामरे सुइन ही हीरा राजा माटी–खपरा कर मामूली गढ़ में रहैंना! हामरे नौवों राजा इनकर गढ़ कर दर्शन करेक चाहिला। आउर ई मुक्ति कर इयाइदगारी में हामरे एक ठो नवरतन गढ़ बनाए देक खोजत ही। इकर अनुमति अपने देतैं तो बड़ किरपा होतक बादशाह सलामत!

दुर्जनशाल– बादशाह सलामत, आउर मोर दुखक दिनकर संगी मन! अपने मनक नवरतन गढ़ बनाले हामर खुखरा– झारखण्ड कर समरसता आउर बराबरी कर भाव गड़बड़ाए जाइ। महाराजा मदरा मुण्डा कर बनाल शासन–विधान मदरा पाँजी कर उल्लंघन होइ।

जहाँगीर– हीरा कर बादशाह दुर्जनशाल शाह ना अपने नियर केउ बादशाह हो हैं ना होबैं। हाम अपने कर आगे मुँड़ नेवात ही। अपने से इलतजा आहे कि ई राजा मनके अपने नाराज होएक कर मोका नी देबैं।

दुर्जनशाल– बादशाह सलामत! अपने कर आज्ञा मोर माथ में! मुदा मोएँ ऊ नवरतन गढ़ में नी रहेक पारमू। हामरे मदरा पांजी से बंधाल आही। हामरे मनक खुखरा–झारखण्ड में राजा मन कोनो किसिम कर लगान अपने मन नियर नी लेवैं। बादशाह सलामत आब हामरे के अपने, आपन राइज जाएक कर आज्ञा देवैं। बादशाह सलामत के खुखरा–झारखण्ड राइज दने ले हजार–हजार जोहाइर।

जहाँगीर– दुश्मन बनाए के लाइन रही। जिगरी दोस्त बनाए के

रूखसत करत ही हीरानागपुर कर हीरा, हीरा कर बादशाह दुर्जनशाल शाह। अलविदा! करेक पहिले.......।

इब्राहिम खाँ– (जहाँगीर कर कान में कुछ कहेल) एक तनिक खुखरा नरेश।

जहाँगीर– खुखरा नरेश हामके पता चइल हे अपने बहुत बेस गाएँना। ग्वालियर कर किला में अपने कर उदास भरल गीत गुंजरत रहत रहे। दर्द भरल गीत के जाते–जाते सुनाते जाएक कर हाम गुजारिस करत ही।

दुर्जनशाल– (एक गो उदासी राग कर गीत सुनाएँना)

नजइर– 2

(खुखरा राइज दरबार कर बाहरे......पइका नाच कर संगे महाराजा दुर्जनशाल आउर उनकर संगे नौवों राजा मन के परइछ के भीतरे आसन में बइठाएँना। तले गायनाहा, बजनिया आउर मरदानी झुमराहा मन मरदानी झुमइर महाराजा कर आपन राइज घुरेक खुशी में उत्सव मनाल जाएला आउर निसइक जाएँना। दुर्जनशाल आपन आसन में तले उनकर दुइयो दने नौवों राजा मन आउर दरबारी मन बइठैंना)

बंदीराजा एक– वीर रस से सिंगराल ई नाच आउर गीत से हामरे आश्चर्यचकित होए गेली खुखरा नरेश! जिनकर हाथ में दू–धारी तरवाइर आउर ढाल संगे नाच–बाजा आउर गीत में एतना बगरा वीर रस आहे तो उकर लड़ाइ कर मैदान में कतना भयानक जुध होत होइ?

दुर्जनशाल– हामरे जुध कर रइसका ना लागी। अखरा कर बगरा रइसका हेकी। सेहे चलते तो हामर हाइर मुगल सेना से भेलक। खुखरा– झारखंड में हाथे ढाल आउर तरवाइर मुदा लहू कर निहीं रस कर धार बहेला। इकरे सबूत हेके पइका आउर मरदानी झुमइर नाच आउर गीत।

बंदीराजा दुइ– हामरे कर मुक्तिदाता खुखरा नरेश हामरे के ताजुब बुझाएल कि आपने नागवंश कर मुकुट मणि हेकैं। हीरा नागपुर कर महाराजा हेकैं मुदा अपने मनक गढ़ आउर

महल तो आम अदमीमनक तइर खपरा कर छाइन माटी पखना कर भीत देखत हों। जइसन सुइन जाइन रहों उकरो ले बेसी साधारन।

बंदीराजा एक-- आब हामरे बुझेक पारली– अपने कर महानता आउर लोकप्रियता कर राज का हेके! इके तो हामरे हिंआ आवल परे जानली।

बंदीराजा दुइ-- मुक्तिदाता! हामरे नौ बंदी राजा अपने कर नगर बुलेक घरी एक ठो अइत सुंदर ठाँव देखली। चटाइन कर पहार से घेराल, हरियर बन से शोभल डोएँसा ना का नाँव बतालैं ऊ ठाँवे कर तहें एकठो छोटे सन ई मुक्ति कर इयाइदगारी में एगोड़ गढ़ बनाए देक खोजत ही। आउर एकेक ठो मंदिरो संगे संगे।

बंदी राजा एक-- हामरे मनक बिनती आहे मुक्तिदाता। एकठो छोटे सन निशानी के अपने नामंजुर ना करबैं।

दुर्जनशाल-- हामर कठिन कष्ट दिनक संगी नवरतन नरेश मन बादशाह कर आउगे मोएँ ई बात के सफा कइह दे रहों।

बंदीराजा दुइ-- अपने नी होतैं तो हामरे नौ बंदी राजा बंदी घर में दम तोड़त रहती। सहाँ से अपने बचाए के लाइन हैं से तेहे एकठो छोटे सन गढ़ आउर मंदिर मन अपने कर इयाइद में। अपने हतास नी करबैं हामरे के।

दुर्जनशाल-- अगर अपने मनक एहे मन आहे तो मोएँ आपन नवरतन संगी मन के निराश नी करमू।

बंदीराजा एक-- हामरे कर हिया हुलस गेलक महाराज एतना सुइन के।

दुर्जनशाल-- अपने मन बनाएँ मुदा मोएँ आगेहें कइह दे हों। हामरे हुँआ रहेक नी पारब। मुदा मोएँ ऊ गढ़ के जेके अपने मन बनाबैं उकर नाँवे राखमू नवरतन गढ़।

बंदीराजा दुइ-- हीरानागपुर कर हीरा राजा कर जय!

सभे बंदी राजा-- जय!

बाप कर खून

नटकरवा (पात्र)

बाप-- सतर बरिस कर बूढ़ा।

माँय-- साठ बछर कर बुढ़िया।

बड़का बेटा-- चालीस साल कर।

मंझला बेटा-- पैंतीस बरिस कर।

संइझला बेटा-- तीस बछर कर।

कंइझला बेटा-- पचीस साल कर।

छोटका बेटा-- बीस बरिस कर।

सरपंच-- पैसठ बछर कर।

पंच-- चाइर झन-- 50--60 साल कर।

पड़हा राजा-- पचपन बरिस कर। राजा बेटा 18 बछर कर।

दीवान-- साठ साल कर। गँवइया पाँच झन।

परिवेश-- गाँव घर आउर अखरा।

शॉट एक

ठाँव-- गाँव घर

समय--दिन।

दृश्य-- गाँव कर गोटेक मध्यम वर्ग कर खपरा घर। ढाबा में बूढ़ा बाप खाटी में बेमार पड़ल आहे। पाँचो बेटा आपन बाप ठिन ठाढ़ आहैं।

बाप-- (बेराम होएक नियर बोली में) तोहरे मन सउब आए गेला?

बड़का बेटा-- हँ बा।

बाप-- मोर बात के धेयान से सुना। (खोखेक लागेल)

छोटका बेटा-- सुनत ही बा!

बाप-- जे कहत हों उके मानबा। (जोर से खोखेक)

मंइझला बेटा-- मानब बा।

बाप-- मोर जाएक समय आए गेलक। (हाँफेक लागेल)

संझला बेटा– इसन का ले कहिस बा! तोएँ बेस होए जाबे।

बाप– जब मोएँ नी रहमू तब तोहरे मन मोर जमीन जायदाद के चाइर भाइ मधे बाँइट लेबा। एक झन के कोनो ना देबा। सुनला ऽ..... (आउर जीव उइड़ जाएल)

शॉट– दुई,

समय– दिन

ठाँव– अखरा

दृश्य– गाँव कर अखरा में पंचइती बइठ हे।

बड़का बेटा– माइनगर पंच मन। कुछ दिन आगे हामरेक बाप नोकसान होए गेलैं।

सरपंच– पंच मन के ई बात कर पता आहे। तोएँ कहेक का खोजत हिस? सेके कह।

बड़का बेटा– हामरेक बाप कइह जा हैं कि– मोर जमीन जायदाद के चाइर भाइ में बाँइट लेबा। एक झन के कोनो ना देबा। सेहे ले बापे कर कहल मोताबिक हामरे मनक जमीन जायदाद कर बँटवारा कइर देल जाओक।

पंच एक– तोहरे मन पांच भाइ आहा नि!

बड़का बेटा– हँ।

पंच दुइ– तो चाइरे भाइ में बँटवारा का ले?

सरपंच– का ले कि इमनक बाप कर एहे अंतिम इच्छा रहे।

बड़का बेटा– हँ। एहे बात रहे।

पंच तीन– एक भाइ संगे ई अन्याय का ले?

पंच चाइर– बापक जमीन–जयजाद में सभे बेटा मनक बराबइर हिस्सा रहेल।

सरपंच– इमनक बाप कर आखरी इच्छा नियर ई बँटवारा तो नी होए सकेल। एकदमे कठिन।

पंच एक– पाँच भाइ मन मधे एक झन के हिस्सा नी देक तो सरासर बेइमानी होइ।

पंच दुइ– कहले जा हे हेंठे पंच उपरे परमेसर!

सरपंच– इसन में तो हामरे पंच मन ई बँटवारा नी कइर सकिल। इकर फैसला ले तो पड़हा राजा ठिन तोहरे मनके जाएक होइ। बूढ़ा अखरा में इकर फैसला होइ।

शॉट– तीन,

समय– दिन

ठाँव– बूढ़ा अखरा

दृश्य– अखरा में पड़हा पंच सभे बइठल आहैं। गँवइया सामने बइठल।

बड़का बेटा– माइनगर पड़हा राजा! हामरेक आबा कर आखरी इच्छा नियर हामरेक जायदाद के बाँइट देल जाओक।

पड़हा राजा– का रहे तोहरे मनक बाप कर इच्छा?

बड़ बेटा– पड़हा राजा साहेब! हामरे मनक बाप कर आखरी इच्छा रहे कि हामरे पाँच भाइ मन मधे एक झन के जमीन जायजाद में हिस्सा ना देल जाओक।

पड़हा राजा– इकर ले तो तोहरे मन के गाँवक पंचाइत में जाएक रहे।

मंइझला बेटा– जाए रही राजा साहेब!

पड़हा राजा– गाँवक पंचायत इकर में का फैसला देलक?

संइझला बेटा– गाँवक पंचायत में ई बँटवारा नी होएक पारलक राजा साहेब।

पड़हा राजा– तोहरे कर आबा कर आखरी इच्छा नेयाय कर विपरीत आहे। पाँचों भाइ के बराबइर हिस्सा मिली।

दीवान– महाराज! मरेक वाला अदमी कर आखरी इच्छा कर माइन करल जाएल।

गँवइया एक– राजा साहेब, आखिर में कोन एक झन के आपन बापक जमीन जायजाद में हिस्सा नी देक होइ?

राजा– तुरता– तुरती में कोनो जबर फैसला सही नी होएल। इकर ले हामरे आइझ ले पाँच दिन बादे सोइच विचाइर कइर के फैसला लेब।

शॉट– चार,

समय– दिन

दृश्य– पड़हा राजा कर कोठा घर। राजा बेटा सुतना घर में आहैं। पड़हा राजा हुँआ ढुकैंना आउर फेटा के छोइर के फेकैंना तले पलंग में बइठ जाएँना।

राजा बेटा– (भीरे आए के) बाबा! का बात आहे? अपने के मोएँ चाइर दिन ले गौर करत हों। अपने बहुत चिंता में आहैं।

पहड़ा राजा– (धीरे ले, बेमन से बोइल के मुँड़ बेटा दने उठाए के देखैंना) हँ बेटा। एक भारी झंझट वाला मामला में बाइझ जा हों। उकर से निसकेक कर कोनो उपाइए नी दिसत हे।

राजाबेटा– कइसन झंझटिया मामला बाबा।

पड़हा राजा– एक गो बाप कर पाँच गो बेटा आहैं। आबा हार आपन आखरी इच्छा में कइह राइख हे कि मोर मरेक बादे मोर जमीन जयजाद के चाइर भाइ में बाँइट लेबा। आउर एक झन के कोनो ना देबा। सेके बताबे नी घरलक।

राजा बेटा– बस, एतने सुन बात ले। बाबा इकरे ले अपने फिकिर में आहैं। मोके काइल बूढ़ा अखरा ठिन लेते जाबैं।

शॉट– पाँच,

समय– दिन

दृश्य– बूढ़ा अखरा में गाँव घर कर अदमी मन जमा आहैं। पड़हा राजा कर बगल में राजा बेटा बइसल आहैं। पंच मन अगल–बगल बइठल आहैं।

पहड़ा राजा– (ठाढ होए के) हामरे चाहत ही कि ई पाँचों भाइ कर बँटवारा कर फैसला राजा–बेटा करैं।

राजा बेटा– दीवान साहेब! इमनक मामला का आहे?

दीवान– बात इसन आहे (देखाए के) ई पाँच भाइ कर बाप हार आपन आखरी इच्छा में कइह जा हैं कि मोर संपति में एक बेटा के कोनो ना देल जाए। बस ई पाँच झन में कोन भाइ के हिस्सा नी देल जाए से बात इनकर बाप हार नी बताए जा हैं?

बड़का बेटा— हामर आबा इके नी बताए पारलैं आउर उनकर जीव उइड़ गेलक।

राजा बेटा— दीवान साहेब! एक ठो बेस तेज तरवाइर मंगुवाल जाओक।

दीवान— (आपन तरवाइर डंडा से निसकाए के देते) ई तरवाइर के लेल जाओक। ई पड़हा कर सउबले तेज तरवाइर में से एक आहे।

राजा बेटा— (तरवाइर लेइ के उकर धार के अंगरी लगाए के देखेल तले बड़ बेटा ठिन जाए के कहेल) रउरे सउब ले बड़का हेकी नि? तो लेउ (तरवाइर देल) ई तरवाइर से आपन छोट भाइ के काइट देउ। बस। तले चाइरो भाइ में जायजाद बाँइट लेब। इकर से बँटवारा सहज होए जाइ।

दीवान— आउर बापो हारक आखरी इच्छा पूरा होए जाइ।

बड़का बेटा— गलती होए तो मोके डंड देवैं। मोएँ आपन भाइ के काटेक सोचियो नी सकोंना। सेकर सिया तो मोखें हिस्सा ना देल जाओक।

राजा बेटा— रउरे जाउ। (मंइझला भाइ ठिन जाए के तरवाइर देते) रउरे मंइझला भाइ हेकी नि? लेउ आउर आपन छोट भाइ के काइट देउ। इसन करले बँटवारा सहजे होए जाइ।

मंइझला बेटा— निहीं, निहीं। मोएँ आपन छोट भाइ के मारे ले तरवाइरो के हाँथ नी लगामू। उकर ले मोहे आपन हिस्सा नी लेमू।

राजा बेटा— रउरे जाउ। (संइझला भाइ ठिन जाए के तरवाइर देते) संइझला रउरेहें हेकी नि? लेउ धरु तरवाइर, आउर छोटका के काइट देउ आउर चाइरो झन बाँइट लेउ।

संइझला बेटा— ई काम तो मोके ना फरमाएँ। छोट भाइ के मारेक पाया मोर में नखे। मोहे हिस्सा लेक से निकइल जात हों।

राजा बेटा— रउरे तीनों भाइ कायर ही। डरपोक ही (कंइझला भाइ ठिन जाए के तरवाइर देते) रउरे लेउ ई तरवाइर के। रउर तीनों

भाइ डरगुहा आहैं। धरु तरवाइर, आउर काइट देउ छोट भाइ के। आउर ई बँटवारा कर झंझटे के खतम कइर देउ।

कंइझला बेटा– (तरवाइर झोइक के) जइसन पंच कर फैसला। (आउर छोट भाइ के काटे ले तरवाइर उठाएला कि राजा बेटा कंइझला भाइ कर हाँथ के धइर लेना)

राजा बेटा– (गरइज के) ठहर तनिक। फैसला होए गेलक। कंइझला भाइ के हिस्सा नी मिली।

गंवइया एक– अलबत! अलबत! एकदम सुपट फैसला देलैं राजा बेटा। इसन निरदया भाइ के तो एको धूर एतना हिस्सा नी मिलेक चाही।

दूसरा गंवइया– इकर ले बँढ़िया फैसला आउर का होए सकेल?ई, चाइरो कर भाइ होइए नी सकेल!

तीसरा गंवइया– इनकर बाप हार इसनेहें आखरी इच्छा नी बता हैं होइ? जब तीनों भाइ में एके लहू बहत हे तो इकर में ऊ लहू कहाँ गेलक?

दीवान– रउरे नगदे कहत ही। ई दुष्ट कर बेवहार से तो एहे पता लागेल कि इकर बाप कर खून इकर में नखे। निहीं तो आपन छोट भाइ के काटे ले तरवाइर नी उठातक!

पड़हा राजा– का रउरे सउब गँवइया पंच मन इनकर फैसला के सही मानत ही?

भीड़– हँ राजा साहेब। एकदम सुपट फैसला होलक।

दीवान– इकर ले उचित नेयाय होइए नी सकेल। इके केउ नामंजुर करबे नी घरबैं।

पड़हा राजा– राजा बेटा कर फैसला ले इनके हामरे बराबइर इयाइद राखब। ई झंझट कर फैसला कइर के पड़हा राजा आउर पंच मनक, मनक चिंता दूर कइर देलैं।

दीवान– राजा साहेब! इसनेहें बुधिमान बेटा मनक फैसला ले कहल जा हे– बाप ले बेटा छव महीना बड़ होएल।

पड़हा राजा— माइनगर पंच मन ई बँटवारा कर फैसला के इमनक माँय हार तक पोहँचाए देबैं।

शॉट— 6

समय—सांझ,

ठाँव— घर,

दृश्य— माँय हार घरक ले अंगना के बढ़ाएल बेटामन के आते देइख के ठाढ़ होएल।

माँय— फैसला होए गेलक बेटा?हामरे कर पड़हा राजा हिंञा?

बड़का बेटा— हँ यो!

माँय— बँटवारा में केके हिस्सा नी मिललक?

मंझला बेटा— कंइझला भाइ के यो। सेहे ले ऊ हामरे मन संगे घर नी घुरलक?

माँय— खिसाए गेलक होइ!

बड़का बेटा— एगो बात बताव तो यो?

माँय— का बात?बोलबे तब नि!

बड़का बेटा— फैसला बादे दीवान साहेब मन का ले कहलैं कि कंइझला बेटा में इकर बाप कर खून नखे, इसन बुझाएल।

माँय— दीवान साहेब, अनजाने में सच बोइल देलैं। देखा बेटा। कखनो—कखनो जिनगी में कुछ अनहोनी होए जाएल।

बड़का बेटा— का अनहोनी होए रहे यो?

माँय— कइसे कहों?तोहरेक आबाव के इकर बारे जानकारी रहे। (पीठयाए के जाते—जाते कहेल) तोहरे कर कंइझला भाई में तोहरेक बाप कर खून नखे। एगो दुष्ट कर ऊ बेटा हेके। (आउर आगे जाए के घर में ढुइक जाएल)

(लोक कथा उपरे आधारित)

रेडियो नाटक

सहिया आयो

मूल कथा– सहिया मँाय कथाकार– सहनी उपेन्द्र पाल 'नहन'

रेडियो नाटक– उल्था– 'गिरिराज'

पात्र–

1. डाक्टर पूनम,
2. डाक्टर राकेश,
3. नर्स– पारो,
4. भाकू और डुबू (कमिया),
5. बूढ़ा (बेमराहा),
6. सोनाबती (बेमराही),
7. पलटू (बेमराहा)।

(नाटक ओर होएक कर ध्वनि प्रभाव)

डुबू– डुमइर गछ तो एहे बंगला में दिसत हे ना भाकू!

भाकू– एहे बंगला होइ! नि देखत हिस कि ना डुबू! अस्पताले बंगला तइर तो दिसत हे।

डुबू– ऊ जुन ना! बेमराहा मन बइसल दिसत हैं। ओ दे, पूछ तो ना भाकू! निसकत हैं सेमन से।

(लोहा कर फाटक खोलेक आउर उघराएक कर ध्वनि प्रभाव)

भाकू– डाक्टर बाबू कर एहे बंगला हेके कि बउ!

बूढ़ा– एहे हेके बउ! भीतरे जाए के नरेस ठिन नाँव लिखवाए लेउ। आँइ! ई टंगिया,डोरामन लेले डाक्टर ठिन आएहा बउ?

पारो– हिने आए जावा! केके देखाएक आहे? (दूर से देइख के) उकर नाँव?(भीरे आवल में)

डुबू– हामरे डाकटर ठिन देखाएक नी आ ही। डाकटरे बाबू हामरे के डुमइर गछ काटेक ले बोलाए हैं।

पारो– अछा! गछ हेंठे कर पींड़ा में बइसा। मोएँ डाक्टर साहेब के कइह देत हों।

भाकू– (गमछा से पींड़ा में गिरल पतइ के झाइर के बइठेन सेकर ध्वनि प्रभाव) कतना सुंदर फुलवाइर आहे नि ना डुबू!

डुबू– रंग रीता कर बरन–बरन कर फूल! कतना नगद लागत हे नि ना भाकू। आउर ई ना कतना लुदुम–लुदुम हरियर–हरियर घाँस! देख नि चइल के! कतना नगद लागत हे।

भाकू– हिने आव ना! कोनो कइह रहबैं। कतना नगद फूल मन धमकत हे। एहे ठिन बइसले रहमू से तइर बुझात हे ना!

डुबू– एतना सुंदर फुलवाइर में ई गँवार डुमइर, हँसुवा कर बिहा में खुरपी कर गीत तइर लागत हे। का ना ठीके कहत हो कि!

भाकू– सेहे ले होइ, हामरे के, ई डुमइर गछ के, काटेक लाइ बोला होबैं, डाकटर बाबू!

(घंटी बाजेक, नर्स कर कुइद के ढुकेक कर ध्वनि प्रभाव)

डा. राकेश– आउर कतना रोगी मन आहैं?

पारो– आउर एके झन भइर। (तनिक ठहइर के) डाकटर साहेब दुइ गो कमिया मन गछ काटेक ले आ हैं। उमन के बइठेक ले कइह दे हों।

डा. राकेश– हँ हँ ठीक! (बाहरे निकलेक दुरा कर रेचरेचाएक कर ध्वनि प्रभाव) का पलटू?तोर पेट बथा कइसन आहे?

पलटू– डाक्टर बाबू! एखन तो दुइ दिन ले नरम हो हे। दवइ के जुन आउर लेक होइ कि होका करेक होइ?

डा. राकेश– बथेक छुटलक हले तो दवइ खाएक होका कइर दे। आउर दवइ लेक दरकार नखे। आउर हँ बगरा तेल मसाला, मरचइ मन खाएक में बारन करबे। आउर हाँड़ी–दारू एकदम नइ। बुझले।

पलटू– अछा! जोहाइर डाकटर बाबू!

डा. राकेश– (सीढ़ी से उतरेक कर ध्वनि प्रभाव) अरे! तोहरे दुइयो आए जा हा! डोरा आउर टांगा मन लाइन हा नि डुबू!

डुबू– लाइन ही डाकटर बाबू!

भाकू– एहे डुमइर गछ के काटेक आहे नि डाकटर बाबू!

